पंजाब केसरी 03/04/2025

# राज्यस्तरीय इंटर-कॉलेज ऑनलाइन पी.पी.टी. निर्माण प्रतियोगिता में नैंसी रही प्रथम

**■ जी.एम.एन. कॉलेज ने अपने विद्यार्थियों को हमेशा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया : डा. रोहित दत्त**

अम्बाला, 2 अप्रैल (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज की बी.ए. मनोविज्ञान द्वितीय वर्ष की छात्रा नैंसी ने अम्बाला शहर के डी.ए.वी. कॉलेज द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय इंटर-कॉलेज ऑनलाइन पी.पी.टी. निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीतकर अपने संस्थान को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न कॉलेजों ने भाग लिया था।



राज्यस्तरीय इंटर-कॉलेज ऑनलाइन पी.पी.टी. निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीतने वाली जी.एम.एन. कॉलेज की छात्रा नैंसी को सम्मानित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त एवं अन्य प्राध्यापक।

जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त और मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डा. अनुपमा सिहाग ने नैंसी की उपलब्धि पर कहा कि नैंसी की इस उपलब्धि ने पूरे कॉलेज को गौरवान्वित किया है। डा. रोहित दत्त ने कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज ने अपने विद्यार्थियों को हमेशा विभिन्न प्रतियोगिताओं और आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया है, जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करने के अवसर मिलते हैं। कॉलेज ने विभिन्न आयोजनों में छात्रों की उपलब्धियों को भी मान्यता दी है, जिससे उनकी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जा सके और उन्हें उत्कृष्टता की ओर प्रेरित किया जा सके। नैंसी की यह उपलब्धि उनके साथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और जी.एम.एन. कॉलेज के लिए एक गर्व का पल है। नैंसी को उनकी उपलब्धि के लिए प्रमाण पत्र और 1000 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।